देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 121 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...नई शिक्षा नीति को मंजूरी




# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 9 अगस्त 2020




मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 24.0° | 38040.57 | 2 महाथिर मोहम्मद ने स्वीकारी गलती | 7 सुनील गावसकर से सीखो बैटिंग

## कोरोना से निपटने को पूरी हो व्यवस्थाएंः मुख्य सचिव

मुख्य सचिव ओम प्रकाश ने कहा कि सभी जिलाधिकारी कोविड से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण रखें। सैंपल टेस्टिंग में और तेजी लाई जाय। यह भी सुनिश्चित किया जाय कि टेस्टिंग रिपोर्ट जल्द आ जाय। इंडस्ट्रियल ऐरिया वाले जनपदों में इंडस्ट्री में सैंपल टेस्टिंग में और तेजी लाई जाय। उधमसिंह, नैनिताल एवं हरिद्वार जनपद में विशेष सतर्कता की आवश्यकता है।

## हाई रिस्क एरिया से आने वाले सभी लोगों के लिए जाए सैंपलः सचिव स्वास्थ्य

सचिव स्वास्थ्य अमित नेगी ने कहा कि जिन जनपदों में 05 प्रतिशत से अधिक पॉजिटिव रेट हैं, उनमें सैंपलिंग और अधिक बढ़ायी जाय। हाई रिस्क ऐरिया से आने वाले सभी लोगों के सैंपल लिये जाय। उन्होंने कहा कि कोविड केयर सेंटर की व्यवस्थाओं का समय-समय पर निरीक्षण किया जाय। व्यवस्थाओं में कोई कमी न रहे। कोविड केयर सेंटर में समय-समय पर चेकअप हेतु डॉक्टर भेजे जाय।

# बढ़ाई जाए कोरोना सैंपल टेस्टिंग

## कोरोना वॉरियर्स की मृत्यु पर सीएम राहत कोष से दिए जाएंगे दस लाख रुपये

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि कोविड से बचाव के लिए फिजिकल डिस्टेंसिंग एवं मास्क के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाय। यह सुनिश्चित किया जाय गाईडलाईन का पूर्णतया अनुपालन हो। नियमों का उल्लंघन करने वालो पर कारवाई की जाय। मास्क का प्रयोग न करने वालों पर जुर्माना तो लगाया जाय, लेकिन जुर्माने के साथ ही उन्हें 4-4 वॉशेबल मास्क भी उपलब्ध कराये जाए। सार्वजनिक स्थानों पर मास्क का उपयोग न करने एवं नियमों को उल्लंघन करने पर पहली बार में 200 एवं दूसरी बार उल्लंघन करने पर 500 रूपये का जुर्माना लगाया जायेगा।

हाई रिस्क ऐरिया से या अन्य राज्यों से जो लोग आ रहे हैं, उनमें से यदि कोई व्यक्ति ट्रेवल हिस्ट्री की गलत जानकारी दे रहा है, या कोई तथ्य छुपा रहा है, उन पर सख्त कारवाई की जाय। मुख्यमंत्री ने शनिवार को सचिवालय में कोविड-19 के संक्रमण तथा बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं जिलाधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा की।

■मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने अधिकारियों को दिये निर्देश

**होम-आइसोलेशन हेतु निर्देश पुस्तिका का विमोचनः** इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड में होम-आइसोलेशन हेतु निर्देश पुस्तिका का विमोचन भी किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर की टीम की जांच एवं मानकों के हिसाब से ही होम-आइसोलेशन की व्यवस्था की जाय। होम-आइसोलेशन के बजाय अस्पताल एवं कोविड केयर सेंटर को प्राथमिकता दी जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना की सैंपल टेस्टिंग और अधिक बढ़ाई जाय। सर्विलांस सिस्टम को और मजबूत करने की जरूरत है। बुजुर्ग, बच्चे एवं को-मॉर्बिड लोग अति आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें। कोविड रिकवरी रेट में सुधार एवं मृत्युदर को कम करने हेतु हर सम्भव प्रयास किये जाय। सीनियर डॉक्टर अस्पताल में भर्ती कोविड मरीजों की पर्सनल केयर करें। जिलाधिकारी, सीडीओ एवं सीएमओ भी इसकी मॉनेटरिंग करें। यह सुनिश्चित किया जाय कि ऑक्सीजन सपोर्ट सिस्टम ही प्रत्येक जनपद में पर्याप्त व्यवस्था हो। सतर्कता के साथ और कैपिसिटी बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि जो लोग प्राइवेट लैब में कोविड सैंपल टेस्टिंग करा रहे हैं, यह सुनिश्चित करा लें कि प्रत्येक व्यक्ति का पता एवं मोबाइल नम्बर सही हो।



बैठक में डीजी लॉ एण्ड ऑर्डर अशोक कुमार, सचिव शैलेष बगोली, पंकज पाण्डेय, एस.ए. मुरूगेशन, गढ़वाल कमिश्नर रविनाथ रमन, आईजी संजय गुंज्याल, डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन युगल किशोर पंत, अपर सचिव श्रीमती सोनिका, डीजी स्वास्थ्य डॉ. अमिता उप्रेती आदि उपस्थित थे।

### आशा फेसिलिटेटर को भी 2 हजार रूपये सम्मान निधि के रूप में दी जायेगी

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भांति आशा फेसिलिटेटर को भी 02-02 हजार रूपये सम्मान निधि के रूप में दी जायेगी। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सम्मान राशि लाभार्थियों के खाते में जल्द डाली जाय। कोविड-वारियर्स की मृत्यु पर भी मुख्यमंत्री राहत कोष से 10 लाख रूपये देने की घोषणा की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### गिरिश चंद्र मुर्मू ने कैग के तौर पर कार्यभार संभाला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। गिरिश चंद्र मुर्मू शनिवार को देश के नए कैग के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने जीसी मुर्मू को राष्ट्रपति भवन में उनको पद की शपथ दिलाई। मुर्मू इससे पहले जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर थे। अब उनकी जगह पूर्व केंद्रीय मंत्री मनोज सिन्हा को जम्मू-कश्मीर का नया लेफ्टिनेंट गवर्नर नियुक्त किया गया है।

### खत्म होगी नकदी की किल्लत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि वित्तीय संकट से जूझ रही गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और आवास वित्त कंपनियों के लिए विशेष लिक्विडिटी योजना के तहत 6,399 करोड़ रुपये के 15 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। अर्थव्यवस्था को कोरोना के असर से उबारने के लिए हाल ही में घोषित 20.97 लाख करोड़ रुपये के आत्मनिर्भर भारत पैकेज में ही वित्तीय संकटों में घिरे एनबीएफसी व एचएफसी के लिए विशेष तरलता योजना को भी पेश किया गया था।

# रेहड़ीवालों से कोरोना का रिस्क ज्यादाः केंद्र

## केंद्र सरकार ने राज्यों से कहा- इनका टेस्ट करो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्र सरकार को लगता है कि ग्रोसरी की दुकानों पर काम करने वालों, रेहड़ी वालों से कोरोना फैलने का ज्यादा खतरा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इनके जरिए बड़ी आबादी को इन्फेक्शन हो सकता है। ऐसे में राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को सलाह दी गई है कि ऐसे लोगों की टेस्टिंग तेज की जाए ताकि इनमें मामलों का पता पहले चल सके। हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक, इससे मृत्यु-दर को कम करने में मदद मिल सकती है। राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को लिखी चिट्ठी में स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव राजेश भूषण ने यह सलाह दी है।

हेल्थ मिनिस्ट्री ने अपनी चिट्ठी में कहा है कि काम वाली उन बंद जगहों पर इंडस्ट्रियल क्लस्टर्स हो सकते हैं, जहां ज्यादा केसेज वाली जगहों से लोग आ रहे हैं। स्लम, जेल, वृद्धाश्रमों में भी हॉटस्पॉट हो सकते हैं। इसके अलावा ग्रोसरी की दुकानों, सब्जी और अन्य रेहड़ी वाले भी पोटेंशियल स्प्रेडर हो सकते हैं। ऐसे इलाकों और ऐसे लोगों की टेस्टिंग ICMR की गाइडलाइंस के हिसाब से तेजी से होनी चाहिए।

**नई जगहों पर संक्रमण रोकना जरूरीः** भूषण ने अपने पत्र में कहा है कि ऑक्सिजन सुविधा और क्विक रेस्पांस मेकेनिज्म वाले एम्बुलेंस ट्रांसपोर्ट सिस्टम की भी जरूरत है। उन्होंने कहा कि एम्बुलेंस से इनकार करने की दर को डेली चेक किया जाना चाहिए और इसे जीरो पर लाया जाए।

**72 घंटों में हो जानी चाहिए कॉन्टैक्ट ट्रेसिंगः** भूषण ने कहा कि 72 घंटों के भीतर कम से कम 80 प्रतिशत कॉन्टैक्ट्स का पता लगाया जाना चाहिए और उन्हें क्वारंटीन किया जाना चाहिए।

### डेथ-रेट कम करना मेन टारगेट

राज्यों के अतिरिक्त मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों और सचिवों को भेजी गई चिट्ठी में भूषण ने कहा है, अबतक हमने इस मामले में कई देशों से बेहतर काम किया है, हमारा मकसद मृत्यु-दर कम करना होना चाहिए। हम यह सुनिश्चित करें कि यह 1 प्रतिशत से ज्यादा न होने पाए। उन्होंने कहा कि सफल होने के लिए आक्रामक टेस्टिंग के जरिए केसेज का जल्दी पता लगाना, मरीज का आइसोलेशन या हेल्थकेयर फैसिलिटी में एडमिशन और प्रॉपर क्लिनिकल मैनेजमेंट सुनिश्चित कराना होगा।

# चीन से मेजर जनरल लेवल की बातचीत जारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और चीन के बीच अब भी तनाव का माहौल पूरी तरह शांत नहीं हुआ है। एलएसी पर सबकुछ यथास्थिति करने के लिए कमांडर स्तर बातचीत से कोई पुख्ता हल नहीं निकला। इसके बाद अब तनाव को कम करने के लिए शनिवार को मेजर जनरल स्तर की वार्ता हो रही है। आर्मी के सूत्रों के मुताबिक यह बातचीत दौलत बेग ओल्डी इलाके में हो रही है। भारत और चीन के सैन्य प्रतिनिधियों के बीच गलवान क्षेत्र के उत्तर में देपसांग के मैदानी इलाकों से सैनिकों को हटाने के संबंध में वार्ता एलएसी के पास शनिवार सुबह शुरू हुई।

3 माउंटेन डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल अभिजीत बापट भारतीय पक्ष से वार्ता की अगुवाई कर रहे हैं। बैठक का मुख्य एजेंडा देपसांग के मैदानी इलाकों की स्थिति से निपटना है, जिसमें देपसांग के अपोजिट लगभग 15,000 चीनी सैनिकों का बड़ा जमावड़ा है।

### बैठक

**देपसैंग से चीन को पीछे हटाने की कोशिश**

सूत्रों के मुताबिक इस बातचीत का अजेंडा देपसैंग इलाके में तनाव कम करना और विवादित सीमा से दूर हटने पर सहमति बनाना होगा। बता दें कि चीन ने देपसैंग में अपने 1500 से ज्यादा सैनिक तैनात कर रखे हैं। इधर भारत ने भी बड़ी संख्या में जवानों की तैनाती की है। जहां बातचीत होनी है यह जगह 16000 फीट की ऊंचाई पर है। भारत पहले भी चीन पर दबाव डाल चुका है कि वह अपने सैनिकों को पीछे हटा ले।

बैठक में 16,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित 900 वर्ग किलोमीटर के मैदानों से सैनिकों को वापस बुलाने और वहां से हटाने की प्रणाली पर काम करने के बारे में चर्चा होगी। भारतीय सेना की देपसांग के मैदानों में अच्छी पैठ है जबकि पीपल्स लिबरेशन आर्मी अपने पूर्वी छोर पर है।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# जब-जब देश हुआ भावुक, फाइलें गायब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर करारा हमला बोला है। राहुल गांधी ने रक्षा मंत्रालय के एक दस्तावेज को लेकर सरकार को घेरा था बाद में इस दस्तावेज को मंत्रालय की वेबसाइट से हटा लिया गया था। इसको लेकर और विजय माल्या को लेकर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार पर कटाक्ष किया है। राहुल गांधी का ये ट्वीट कुछ ही मिनटों में काफी ज्यादा लोगों ने रिट्वीट भी किया है।

राहुल गांधी ने चीन दस्तावेजों को लेकर सरकार को आड़े हाथों लिया

राहुल गांधी ने ट्वीट करते हुए लिखा है, जब जब देश भावुक हुआ, फाइलें गायब हुईं। माल्या हो या राफेल, मोदी या चोक्सी.. गुमशुदा लिस्ट में लेटेस्ट हैं चीनी अतिक्रमण वाले दस्तावेज। ये संयोग नहीं, मोदी सरकार का लोकतंत्र-विरोधी प्रयोग है। 2 दिन बाद ही रक्षा मंत्रालय की वेबसाइट से चीनी अतिक्रमण से जुड़े दस्तावेज को हटाए जाने पर राहुल गांधी ने एक और ट्वीट कर सीधे-सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला।